सेट–I

# Model Question Paper

## प्रारूप प्रश्न–पत्र

सत्र–2020–2021

**विषय : सामाजिक विज्ञान** — पूर्णांक – 90

**कक्षा : 10 (Xth)** — समय : 3 घंटे

## सामान्य निर्देश

1. परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. इस प्रश्न पत्र में चार इकाई है एवं सभी इकाई के सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| i- | इकाई –I | इतिहास | : | 23 अंक |
| ii- | इकाई –II | भूगोल | : | 23 अंक |
| iii- | इकाई –III | नागरिकशास्त्र | : | 22 अंक |
| iv- | इकाई –IV | अर्थशास्त्र | : | 22 अंक |

3. प्रश्न के स्वरूप निम्न होंगे :–
   - (क) बहुविकल्प/रिक्त स्थान की पूर्ति करें
   - (ख) अति लघुप्रश्न
   - (ग) लघु प्रश्न
   - (घ) दीर्घ प्रश्न
4. 02 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए।
   04 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए।
   05 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 200–250 शब्दों में दीजिए।

## इकाई– I इतिहास

**बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

1. ‘‘सामाजिक उपबंध’’ नामक पुस्तक के लेखक कौन थे? 1

(A) रूसो (B) मॉन्तेस्क्यू
(C) दिदरो (D) ज्या लॉक

2. जालियाँवाला बाग की घटना कब हुई? 1

(A) 8 अप्रैल 1919 ई0 (B) 11 अप्रैल 19919 ई0
(C) 13 अप्रैल 1919 ई0 (D) 25 अप्रैल 1919 ई0

3. ज्युसेपे मेत्सिनी का जन्म कब हुआ? 1

(A) 1802 ई0 (B) 1810 ई0
(C) 1812 ई0 (D) 1807 ई0

4. साइमन कमीशन भारत कब पहुँचा? 1

(A) 1925 ई0 (B) 1930 ई0
(C) 1928 ई0 (D) 1927 ई0

5. रिंडरपेस्ट क्या था? 1

(A) मच्छली रोग (B) पुष्प रोग
(C) पशु रोग (D) इनमें से कोई नहीं

6. प्रथम विश्व युद्ध कब हुआ। 1

(A) 1916 से 1920 (B) 1914 से 1918
(C) 1939 से 1945 (D) 1912 से 1918

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

7. स्पिनिंग जेनी मशीन का अविष्कार ............. ने किया। 1
(रिचर्ड आर्कराइट, जेम्स हरग्रीब्ज)

8. गाँधी–इरविन समझौता ............... को हुआ। 1
(5 मार्च 1931, 5 मार्च 1930)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

9. कल्पनादर्श (यूटोपिया) क्या है? 2

10. पिकेटिंग से क्या समझते हैं? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

11. 17वीं सदी में यूरोपीय शहरों के सौदागर गाँवों में किसानों और कारीगरों से काम करवाने लगे। व्याख्या करें? 4

**OR**

खाद्य उपलब्धता पर तकनीक के प्रभाव को दर्शाने के लिए इतिहास से दो उदाहरण दें?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**


12. मारीआन और जर्मेनिया कौन थे? जिस तरह उन्हें चित्रित किया गया। उसका क्या महत्व था? 5

**OR**

19वीं सदी के यूरोप में कुछ उद्योगपति मशीनों के बजाय हाथ से काम करनेवाले श्रमिकों को प्राथमिकता क्यों देते थे?

13. दिए गए विश्व के मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शाएँ– 2

(क) अफ्रीका (ख) सूरत



## इकाई–II भूगोल

**बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

14. निम्न में से कौन सी एजेंसी सार्वजनिक क्षेत्र में स्टील को बाजार में उपलब्ध कराती है? 1

(A) हेल (HAIL) (B) सेल (SAIL)

(C) टाटा स्टील (D) एम0एन0सी0सी0

15. भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग इनमें से कौन है? 1

(A) 8 (B) 7

(C) 33 (D) 15

16. इनमें से कौन सी रबी फसल है? 1

(A) चावल (B) मोटे अनाज

(C) चना (D) कपास

17. नवीकरण योग्य संसाधन का एक उदाहरण है। 1

(A) सौर ऊर्जा (B) बॉक्साइड

(C) कोयला (D) पेट्रोलियम

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

18. लाल मिट्टी की रचना कैसी होती है? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

19. जलोढ़ मृदा के मुख्य विशेषताओं को लिखें? 4

20. परंपरागत और गैर परंपरागत उर्जा साधन में क्या अंतर है? 4

**OR**

वर्षा जल संग्रहण के क्या उद्देश्य हैं?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**


21. जल दुर्लभता क्या है और उसके मुख्य कारण क्या है? 5

**OR**


चावल की खेती के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन करें?

22. दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाएँ– 2

(I) लाल मिट्टी (II) चाय




23. दिये गये भारत के मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और क,ख द्वारा प्रदर्शित जगहों को पहचान कर नामांकित करें 2




## इकाई–III नागरिकशास्त्र

**बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

24. झारखण्ड राज्य का गठन कब हुआ? 1

(A) 2000 ई0 (B) 2001 ई0

(C) 2002 ई0 (D) 2003 ई0

25. 1970 और 1993 के मध्य वेल्जियम के संविधान में कितनी बार संशोधन किया गया? 1

(A) एक (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

26. इनमें से कौन गैर–लोकतांत्रिक देश है? 1

(A) पाकिस्तान (B) भारत

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका (D) कोई नहीं

27. भारतीय जनता पार्टी का मुख्य प्रेरक सिद्धांत क्या है? 1

(A) बहुजन समाज (B) क्रांतिकारी लोकतंत्र

(C) सांस्कृतिक राष्ट्रवाद (D) आधुनिकता

28. भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी की स्थापना कब की गई? 1

(A) 1925 ई0 (B) 1927 ई0

(C) 1929 ई0 (D) 1930 ई0

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

29. श्रीलंका स्वतंत्र राष्ट्र ............ में बना। 1

(सन 1958ई0, सन 1948 ई0)

30. बहुजन समाज पार्टी का गठन ............ में हुआ। 1

(सन 1919ई0, सन 1984 ई0)

31. 22 भाषाओं को भारतीय संविधान की ......... अनुसूची में रखा गया है। 1

(आठवीं, ग्यारहवीं)

32. केन्द्र के साथ राज्य सरकारों की साझी दिलचस्पी वाले विषय ........... के अन्तर्गत आते हैं। 1

(संघ सूची, समवर्ती सूची)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

33. सत्ता की साझेदारी से क्या लाभ है? 2

34. सूचना के अधिकार से आप क्या समझते हैं? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

35. एक अच्छे लोकतंत्र की मुख्य विशेषताओं को लिखें? 4

**OR**

भारत की संघीय व्यवस्था में वेल्ज्यिम से मिलती-जुलती एक विशेषता और उससे अलग एक विशेषता को बताएँ।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200-250 शब्दों में उत्तर दें)**

36. लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के विभिन्न कार्यो की चर्चा करें? 5

**OR**

विकेन्द्रीकरण किसे कहते हैं। इसकी आवश्यकता क्यों पड़ती है। कारण लिखें?

## इकाई-IV अर्थशास्त्र

**बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

37. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई? 1

(A) 1991 ई0 (B) 1993 ई0

(C) 1992 ई0 (D) 1995 ई0

38. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कितने जिलों में लागू किया। 1

(A) 100 जिला  (B) 150 जिला

(C) 200 जिला  (D) 250 जिला

39. रोजगार की परिस्थितियों के आधार पर आर्थिक गतिविधियां कितने क्षेत्रक में बांटा हुआ है? 1

(A) एक  (B) दो

(C) तीन  (D) कोई नहीं

40. नई आर्थिक नीति कब बनी? 1

(A) 1918 ई0  (B) 1920 ई0

(C) 1919 ई0  (D) 1991 ई0

41. जी0डी0पी0 के पदों में वर्ष 2003 में तृतीयक क्षेत्रक की हिस्सेदारी कितनी है? 1

(A) 70%  (B) 20–30%

(C) 30–40%  (D) 50–60%

42. वैश्वीकरण ने जीवन स्तर के सुधार में सहायता पहुचाई है? 1

(A) सभी लोगों के  (B) विकसित देशों के श्रमिकों के

(C) विकासशील देशों के श्रमिको के  (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

43. ............. क्षेत्रक के अधिकांश श्रमिकों को रोजगार सुरक्षा प्राप्त होती है? 1
(संगठित/असंगठित)

44. विश्व व्यापार संगठन .............. देशों की पहल पर शुरू हुआ था। 1
(विकासशील, विकसित)

45. तृतीयक क्षेत्रक को .............. भी कहा जाता है। 1
(औद्योगिक क्षेत्रक, सेवा क्षेत्रक)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

46. बैंकों में जमा की गई राशि को मांग मुद्रा क्यों कहते हैं? 2

47. सेवा क्षेत्रक किसे कहा जाता है? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

48. प्रच्छन्न बेरोजगारी और मौसमी बेरोजगारी में क्या अंतर है? 4

**OR**

क्या कारण है कि बैंक कुछ कर्जदारों को कर्ज देने के लिए तैयार नहीं होते?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**

49. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 का क्या उद्देश्य है? 5

**OR**

विदेशी व्यापार विभिन्न देशों के बाजारों के एकीकरण में किस प्रकार मदद करता है। व्याख्या करें?